

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 40 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 10 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# सिवनी विधानसभा से भाजपा ने दिनेश राय मुनमुन को प्रत्याशी घोषित किया

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश भाजपा ने चुनाव तारीखों के एलान के कुछ घंटों बाद ही अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में भाजपा ने सिवनी जिला मु यालय की विधानसभा से दिनेश राय मुनमुन को अधिकृत प्रत्याशी के रूप में घोषित कर दिया है । सिवनी विधानसभा से दिनेश राय मुनमुन चौथी बार चुनाव मैदान में है । पहला चुनाव उन्होंने 2008 में लड़ा था अचानक विधानसभा चुनाव लड़ने का उनका यह फैसला था और वे निर्दलीय चुनाव लड़े 2008 के चुनाव में उनका मुकाबला भाजपा की श्रीमती नीता पटेरिया से हुआ और कांग्रेस से प्रसन्नचंद मालू रहे उस चुनाव में उन्हें स मान जनक मत प्राप्त हुये और वे दूसरे नंबर पर रहे । दूसरी बार 2013 के चुनाव में दिनेश राय मुनमुन पुनः निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहे और उन्होंने भाजपा के तत्कालीन उ मीदवार नरेश दिवाकर को 22 हजार से अधिक मतों से पराजित कर अपनी शानदार जीत दर्ज की । 2008 एवं 2013 के चुनाव में कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही । 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले ही दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा का दामन थाम लिया और प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बहुत नजदीक रहे । दिनेश राय मुनमुन ने प्रदेश के मु यमंत्री से अनेक सौगाते जिले को दिलाने का बड़ा काम किया और मेडीकल कालेज का भूमिपूजन भी 2018 के विधानसभा चुनाव के कुछ दिन पूर्व हुआ जिसके बजट में भी प्रावधान किया गया और लगभग 350 करोड़ रूपये से मेडीकल कालेज का निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ परंतु 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार नहीं बनी और मेडीकल कालेज के निर्माण का कार्य अवरूद्ध हो गया परंतु डेढ वर्ष के बाद ही कांग्रेस की सरकार गिर गयी और पुनः भाजपा की सरकार बनी और मेडीकल कालेज का काम तेज

**सिवनी विधानसभा से चौथी बार चुनाव में पुनः दिनेश राय मुनमुन**



गति से प्रारंभ हुआ । मेडीकल कालेज का भवन बनकर पूरी तरह लगभग तैयार हो गया है और आशा की जा सकती है कि आगामी समय में मेडीकल कालेज प्रारंभ हो जायेगा ।

तीसरी बार दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में 2018 में विधानसभा का चुनाव लड़ा और कांग्रेस के प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल को पराजित किया । अब उनका यह सिवनी विधानसभा से चौथा चुनाव होगा कांग्रेस से उनके मुकाबले में कौन होगा यह कांग्रेस की सूची जारी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा ।

प्रत्याशी बनाये जाने बाद भाजपा कार्यालय में दिनेश राय मुनमुन का अभिनंदन किया गया गया । इस अवसर पर दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी विधानसभा से भाजपा द्वारा पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि सिवनी विधानसभा में कांग्रेस केवल सपना देख सकती है जीत तो भाजपा की सुनिश्चित है हम विकास के मुद्दे पर चुनाव मैदान में जनता से आशीर्वाद मांगते है और कांग्रेस केवल झूठ को प्रचारित करती है जिस पर जनता को कोई विश्वास नहीं होता कांग्रेस अपना विश्वास खो चुकी है । उसने अपने 18 माह के शासन में या किया यह जनता ने देखा है और हमने जनता से दिल के संबंध बनाये है उनके विकास और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार भाजपा ने कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभ पहुँचाय है । श्री राय ने कहा कि हम विधानसभा में और पूरे प्रदेश में भारी बहुमत के साथ जीत रहे है । हमारे पास कार्यकर्त्ताओं की बड़ी ताकत और जनता का विश्वास है ।

# चुनाव कार्यक्रम घोषित, 17 नवंबर को होगा प्रदेश में मतदानः सोमवार से आचार संहिता लागू

सिवनी यशोः भारत निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश सहित पाँच राज्यों के लिये विधानसभा चुनाव 2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 2023 में मध्यप्रदेश के साथ ही राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मु य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि, मध्यप्रदेश में विधानसभा के चुनाव मतदान 17 नवंबर को होंगे एवं वोटो की मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर और 17 नवंबर को दो चरणों में होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। मिजोरम में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 23 नवंबर को होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 30 नवंबर को होगा। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव कार्यक्रम**

नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 21 अे टूबर से प्रारंभ होगी। नामांकन फार्म जमा करने की लास्ट डेट 30 अे टूबर 2023 है।

नामांकन फार्म की जांच 31 अे टूबर 2023 को होगी। नाम वापस लेने की लास्ट डेट 2 नवंबर 2023 है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख 17 नवंबर 2023 है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की काउंटिंग की तारीख 3 दिसंबर 2023 है।

**विधानसभा चुनाव आचार संहिता में या कर सकते हैं और या नहीं कर सकते**

किसी भी राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी धन और संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते। टिकट के दावेदार अथवा प्रत्याशी अथवा परियों के नेता नागरिकों को किसी भी प्रकार का लालच या भय नहीं दिखा सकते। किसी भी नेता द्वारा आम नागरिक को धमकाना अथवा उसका उत्पीड़न करना गंभीर अपराध है। नेताओं द्वारा जनता को गलत अथवा भ्रामक जानकारी देना दंडनीय है। धार्मिक स्थलों का राजनीतिक गतिविधियों के लिए प्रयोग नहीं कर सकते। किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव नहीं कर सकते। जातिवाद, धर्म, लिंग या क्षेत्रीयता से संबंधित बयान बाजी नहीं कर सकते।

**विधानसभा चुनाव आचार संहिता में या कर सकते हैं**

चुनाव प्रचार के लिए मीटिंग, रैली और सभाओं का आयोजन कर सकते हैं। चुनाव प्रचार सामग्री का प्रकाशन और वितरण कर सकते हैं। चुनाव प्रचार के संदर्भ में इंटरनेट, टीवी और अखबारों में विज्ञापन दे सकते हैं।

# सड़कों को बनाया अहाता, देर रात तक छलक रहे जाम

सिवनी यशोः- सरकार ने शराब से आमजन परेशान हैं। महिलाओं वाली जिला पंचायत वाली सड़क,




दुकानों के अहाते बंद किए तो नशेड़ियों ने सड़कों, खाली मैदानों और श्मशानों पर कब्जा जमा लिया है। यहां सूरज के अस्त होने के बाद से देर रात तक शराबियों का जमघट रहता है और खुलेआम शराब पी जा रही है। आबकारी अमला सिर्फ शराब दुकान पर कार्रवाई कर सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर स ती का जि मा पुलिस का है। कई जगह पुलिस की गश्त भी होती है इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस अव्यवस्था को खासी दिक्कत हो रही है।

इन स्थानों पर शाम होते ही शराबखोरी शुरू हो जाती है। शहर की अनेक सड़के ऐसी है जहाँ आमजनों का आना जाना कम रहता है ऐसी सूनी पड़ी सड़को पर शराबियों और अन्य प्रकार के नशेड़ियों ने अपना कब्जा जमा रखा है और इन नशेड़ियों द्वारा जहाँ तहाँ शराब की खाली बोतले फोड़ कर फेक दी जाती है साथ ही गंदगी भी बहुत करते है ।

एस पी बंगला से होकर जाने उद्योग कार्यलय के पास से डालडा फै ट्री वाली सड़क, यही से जिला पंचायत की ओर जाने वाली सड़क, मोक्षधाम के लिये जाने वाली कंटगी रोड, आदि पर शराबियों का जमघट लगा रहता है । इसके साथ ही नगर के वायपास सड़क, कालोनियों के खाली प्लाट और खाली सड़के शराबियों के लिये बहुत सुरक्षित स्थान बने हुये है । छिंदवाड़ा रोड की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी की अनेक आंतरिक सड़के और मु य सड़क पर शराबी और अन्य प्रकार के नशेड़ी देर रात तक नशाखोरी करते रहते है । इस कालोनी के लोग इन के आतंक से आतंकित है बीच सड़क पर शराब की बोतले फोड़ते है जिससे अनेक व्यक्ति दुर्घटनागस्त भी हो रहे है । इस प्रकार के सार्वजनिक आम रास्तो पर शराबियों द्वारा आपसी गाली गलौच और नशे की हालत में आपस में इनके बीच झगड़े भी होते है जो किसी दिन बड़ी अनहोनी का कारण बन सकते है ।

इसी प्रकार शहर की बन रही अन्य कालोनियों के आसपास शराबियों ने अपने अड्डे बना लिये है इन स्थानों पर यदि रोशनी की व्यवस्था नहीं होती तो यह शराबी रोशनी के लिये भी इमरजेंसी लाइट के साथ पहुँचते है । शराबखोरी के साथ ही कुछ स्थानों पर जुँआ भी खेला जाता है ।

नशेड़ियों से आम आदमी उलझना नहीं चाहता और इसी का फायदा उठाकर शराबी अपनी मनमानी करते है ।

# अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही कर अवैध शराब एवं लहान बरामद

सिवनी यशोः- आबकारी विभाग ने पिछले दिनों बड़ी मात्रा में अवैध शराब के निर्माण के ठिकाने पर छापा मार कार्यवाही की और अवैध मदिरा तथा लहान जप्त किया । अवैध मदिरा विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दिनांक 08 अे टूबर को कले टर क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त शैलेष जैन के निर्देशन में आबकारी वृत शहर के अन्तर्गत कोकीवाडा एवम् आमागढ़ में दबिश कार्य कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 01 एवम् ज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 02, कुल 03 आपराधिक प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अन्तर्गत पन्जीबद्ध किये गए। जिसमे लगभग 345 किलो लाहन एवम् 20 ली. हा.भ.मदिरा बरामद किया गया।

इसी प्रकार वृत्त दक्षिण के अन्तर्गत दरासी के जंगल में नाले किनारे एवम् ग्राम आगरी में दबिश कार्य कर



आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) के अन्तर्गत 03 आपराधिक प्रकरण पन्जीबद्ध किया गया। जिसमे कुल 32 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवम लगभग 1200 किलो लाहन बरामद किया गया।

इस प्रकार पंजीबद्ध कुल 06 प्रकरणों के अंतर्गत 52 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1545 किलो महुआ लहान जप्त किया गया।महुआ लाहन का से पल निकालकर शेष महुआ लाहन निर्मूल्य होने से मौके पर नष्ट किया गया।

कार्यवाही के दौरान आब.उप.निरी. रविन्द्र लिल्हारे एवम नवोदिता पारा आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आनंद मरावी एवं लेखसिंह तेकाम उपस्थित रहे।

# निर्वाचन दिवस 17 नव बर को होगा सार्वजनिक अवकाश

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कार्यक्रम प्रसारित किया जा चुका है। इसी परिपेक्ष्य में अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 17 नव बर को निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट ऐ ट अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी तरह जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केन्द्रों में कारखाना अधिनियम अंतर्गत कारखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने हेतु कारखाना प्रबंधकों को मतदान दिवस 17 नव बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाघ देव बंजारी सेल्वा घाट मे अज्ञात वाहन की चपेट में हिरण की हुई मौत

सिवनी यशोः- जानकारी के अनुसार सिवनी बालाघाट मार्ग सेल्वा घाट में बीती रात्रि को हिरण की हो गई मौत बताया जा रहा है अज्ञात वाहन की टे कर से हिरण चोटिल हुआ जिसकी जानकारी कुछ व्यक्तियों के वन विभाग को दी गयी परंतु विभाग की टीम वहां समय पर नहीं पहुंचने की वजह से हिरण की हो गई मौत बालाघाट में पदस्थ फॉरेस्ट वनरक्षक आकाश यदुवंशी के साथ आसपास गांव के लोग भी मौजूद थे उसके बाद भी हिरण की जान नहीं बच सकी

## जबरन नॉलेज




# बरघाट में प्रचंड बहुमत से भाजपा की जीत सुनिश्चित करें - प्रहलाद पटेल




सिवनी यशोः- बरघाट विधानसभा से मुझे सदैव अपार स्नेह मिला है आप सबके बीच आकर मन प्रफुल्लित है। मेरा और आपका संबंध बहुत पुराना है मैं सिवनी व बालाघाट का सांसद रहा, छिंदवाड़ा से भी चुनाव लड़ा। मैं आपसे आज आग्रह करने आया हूं कि, इस विधानसभा से प्रचंड जीत मिलनी चाहिए।

उक्ताशय की बात बरघाट के आदर्श लान में आयोजित बरघाट विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा कही गई। श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं के बीच महाभारत के पांडव और कौरवों की कहानी का वर्णन किया। भारतीय जनता पार्टी के योगदान की चर्चा की साथ ही उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं पार्टी जो निर्देश देती है मैं उसे करता हूं ।

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास और देश का गौरव उसकी प्राथमिकता रही है। हमने सदैव इसके लिए संघर्ष किया है और यह संघर्ष निरंतर जारी है। आज भी केरल जैसे राज्यों में हमारे कार्यकर्ता जब अपना ध्वज लेकर निकलते हैं तो उन्हें लाठियां गोलियों का सामना करना पड़ता है किंतु, कोई भी चुनौती हमारे लक्ष्यों से हमे दूर नहीं कर सकती। राम मंदिर का संघर्ष 450 वर्ष चला हमारे पुरखों ने इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी किंतु आखिरकार राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसी तरह धारा 370 के नाम पर भारत माता के माथे पर एक कलंक के रूप में उसे लागू किया गया और



एक ही देश में दो विधान दो निशान कर दिए गए किंतु हमारे प्रधानमंत्री के कठोर फैसलों के चलते यह धारा भी हटा दी गई। आने वाले समय में भी ऐसी ही चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें तैयार रहना है।

श्री पटेल ने कहा हमें देश में एक सशक्त नेतृत्व मिला है। सन 2014 के पहले भारत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा था, घोटाले पर घोटाले होते थे , 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर इस विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले को भारी मतों से जीत दिलाकर बरघाट और मध्यप्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनाने में अपना योगदान दें।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि, इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले ने अपने संबोधन में कहा पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है और आप सभी भली-भांति मुझे जानते हैं मैंने इसके पूर्व विधानसभा क्षेत्र की पूरी ईमानदारी के साथ सेवा किया, अनेको विकास के कार्य मेरे कार्यकाल में हुए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मैं आप सभी की अपेक्षा में खरा उतरूंगा ।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डॉ टर ढालसिंह बिसेन, विधानसभा संयोजक श्रीमती मीना बिसेन,जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, नरेंद्र टाँक, संजीव मिश्रा, डॉ श्याम सिंह कुमरे, श्रीमती इमरता साहू, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्ष द्वय , पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय व अन्य पार्टी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।


# आचार संहिता का अक्षरशः हो पालन- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी



सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार 09 अे टूबर को प्रदेश में होने वाले विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा भी अधिकारियों की बैठक लेकर आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी एवं अधिनस्थ कर्मचारी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल न हो।

उन्होंने अधिकारियों को शासकीय संपत्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों से राजनैतिक बैनर, पोस्टर, झण्डे इत्यादि पर संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही कर इन्हें हटाए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को अपने विश्राम गृह का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति से ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चारों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभास्थलों का चिन्हांकन करते हुए विधिवत अनुमति उपरांत समान रूप से अ यार्थियों को सभा हेतु आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट किया कि आचार संहिता अवधि में कोई भी नया टेण्डर जारी नही किया जाएगा तथा नए काम शुरू नहीं होंगे। किन्तु पूर्व से क्रियांवित कार्य सतत रूप से जारी रहेंगे। इसी तरह जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों में संलग्न कर्मचारियों को वापस बुलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

## मध्य प्रदेश से मानसून हुआ विदा, ठंड की आहट



मध्य प्रदेश में जल्द ही गुलाबी ठंड की एंट्री होने वाली है. प्रदेश से मानसून विदा हो चुका है. कई जिलों में देर रात और अलसुबह हल्की-हल्की ठंड का अहसास भी होने लगा है. मौसम विभाग के मुताबित दो दिन में ठंडक दस्तक देगी. प्रदेश के सभी जिलों में अब बारिश का दौर खत्म हो चुका है. आज सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा.

**कितना रहेगा तापमान**

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक फिलहाल दिन में गर्मी का एहसास होगा, जबकि देर रात और सुबह हल्की ठंक का अहसास होगा. 15 अे टूबर के बाद ठंड असर बढ़ेगा और नवंबर के महीने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी. बीते 24 घंटे में प्रदेश में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दमोह और गुना में दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस छिंदवाड़ा में रिकॉर्ड हुआ.


**MP में बारिश का दौर खत्म**

मध्य प्रदेश में बारिश का दौर खत्म हो चुका है. इस साल प्रदेश के 25 जिलों में औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई. झाबुआ, बुरहानपुर, खरगोन, नरसिंहपुर, सिवनी, निवाड़ी, रतलाम, भिंड, उज्जैन, राजगढ़, धार, अलीराजपुर, बड़वानी, खंडवा, कटनी, छिंदवाड़ा, देवास, श्योपुरकलां, हरदा, बैतूल और अनूपपुर जिले में इस साल औसत से ज्यादा बारिश हो चुकी है.

**MP के इन जिलों में कम बारिश**

एमपी के पूर्वी हिस्से में इस साल अब तक औसत से 4त्न कम बारिश हुई है. इनमें सतना, अशोकनगर, रीवा और सीधी जिले शामिल हैं, जहां इस साल सबसे कम बारिश हुई है.

# पाक अधिक्रांत कश्मीर को भारत से उ मीद



पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर के लोग अब खुलकर पाकिस्तान की सरकार, उसकी नीतियों एवं अत्याचार का विरोध कर रहे हैं। नागरिक सड़कों पर उतरकर पाकिस्तान सरकार का विरोध करने के साथ ही मुक्ति दिलाने के लिए भारत को पुकार रहे हैं। उन्हें उ मीद है कि पाकिस्तान की अत्याचार से भारत ही उन्हें मुक्ति दिला सकता है। पाकिस्तान के कुशासन के कारण ज मू-कश्मीर के इस हिस्से में हालात पहले से ही खराब थे लेकिन भुखमरी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अब इस हिस्से में और अत्याचार बढ़ा दिया है। यहाँ बिजली का सबसे अधिक उत्पादन होता है लेकिन यहीं के लोगों को बिजली के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

सरकार ने आवश्यकता के सामग्री पर भी अतिरिक्त कर थोप दिया है, जिसके कारण से महंगाई से जूझ रही जनता का जीना मुहाल हो गया है। स्थितियां इतनी विकट हो गई हैं कि यहाँ की जनता खुलकर कह रही है कि ÷मोदी से कहो कि हमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्ति दिलाएं और हमारी आत्मा को बचाएं। हम भूख से मर रहे हैं। कृपया आएं और हमारी मदद करें÷। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने अवैध ढंग से ज मू-कश्मीर के एक हिस्से को दबा रखा है। चूँकि पाकिस्तान भी यह मानता है कि यह उसका हिस्सा नहीं है इसलिए प्रारंभ से ही पाकिस्तानी सरकार वहाँ के नागरिकों पर अत्याचार करती आई है। यहाँ के लोगों को भारत के विरुद्ध इस्तेमाल करने की साजिश भी पाकिस्तान की सरकार करती रही है। आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तानी सेना यहाँ के युवाओं को जबरन पकड़कर आतंकी शिविरों में भेजती रही है।

पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर की जनता सरकार के दोहरे रवैये के कारण से प्रारंभ से ही मुक्ति के लिए छटपटाती रही है। लंबे समय से पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर में स्वतंत्रता का आंदोलन चल रहा है। यहाँ कुछ समूह इसके लिए भी प्रयासरत हैं कि हम शेष ज मू-कश्मीर की भाँति भारत का ही हिस्सा हो जाएं। स्वाभाविक रूप से भी यह हिस्सा भारत का ही है। भारत आज भी अपने अधिकृत मानचित्र में इस हिस्से को अपना अखण्ड हिस्सा बताता है।

भारत की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद में भी इस आशय का प्रस्ताव पारित है। इसलिए यदि भारत पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर के लोगों की सहायता करने के लिए वहाँ से पाकिस्तान को खदेड़ता है, तब यह अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई के तौर पर ही देखी जानी चाहिए। भारत में जिस प्रकार की दृढ़ इच्छाशक्ति की सरकार है, उससे यह उ मीद है कि जो काम 70 वर्षों में नहीं हुआ, वह निकट भविष्य में संभव होगा। भारत को उसकी भूमि पर पुनः अधिकार मिलेगा।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से अपनी भूमि को मुक्त करना भारत का स्वाभाविक कर्तव्य है। चूँकि भारत बातचीत को प्राथमिकता देता है, इसलिए इस मामले में अभी तक उसने यही रुख अपनाए रखा है। परंतु अब तो वहाँ के नागरिक ही खुलकर पाकिस्तान के विरोध में खड़े हो गए। ऐसा भी प्रतीत होता है कि पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर में बांग्लादेश जैसी स्थितियां निर्मित हो रही हैं। इसलिए ही भारत सरकार के केंद्रिय मंत्री एवं पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह कहते हैं कि ÷हमें धैर्य रखना होगा। पाकिस्तान अधिक्रांत ज मू-कश्मीर अपने आप ही भारत में शामिल हो जाएगा÷। विश्वास है कि वह अवसर जल्द ही आए और वहाँ के नागरिकों को शांतिपूर्ण ढंग से जीने का अधिकार मिले।

## डिप्टी कले टर निशा बांगरे और पुलिस में हुई झड़प, कपड़े फटे, हिरासत में लिया गया

भोपाल। डिप्टी कले टर निशा बांगरे आमला विधान सभा सीट से चुनाव लडना चाहती हैं। लेकिन सरकार उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं कर रही। ऐसे में उन्होंने न्याय यात्रा निकाली जो सोमवार को भोपाल पहुंची। यहां उनके समर्थकों और पुलिस में झड़प हो गई। इस झूमाझटकी में निशा के कपड़े भी फट गए।

इस्तीफा देकर न्याय यात्रा कर रहीं डिप्टी कले टर निशा बांगरे और पुलिस के बीच भोपाल में जमकर झड़प हो गई। उनकी यात्रा कल रात को ही भोपाल पहुंची थी। सीएम हाउस जाने से पहले वे आज सुबह जब बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचीं तभी पुलिस और निशा के समर्थकों में जमकर विवाद हो गया। इस बीच झूमझटकी में निशा के कपड़े भी फट गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। निशा सीएम हाउस आमरण अनशन करने जा रही थीं। दरअसल, निशा आमला विधानसभा सीट से चुनाव लडना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है



लेकिन तीन महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। ऐसे में निशा न्याय यात्रा पर निकली हैं। उन्होंने अपनी यात्रा 28 सितंबर को आमला से शुरू की थी। उनकी ये यात्रा बोरी, सारणी, सलैया, शाहपुर, केसला, नर्मदापुरम, सलकनपुर, बुधनी, शाहगंज ओब्दुल्लहा गंज और से मंडीदीप होते हुए भोपाल पहुंचीं हैं।

**कांग्रेसी भी पहुंचे समर्थन देने**

निशा को समर्थन देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी सं या में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर पहुंचे इनमें पूर्व मंत्री पीपी शर्मा जिला अध्यक्ष मोनू से सेना सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इन्हे भी पुलिस ने गिर तार कर लिया। निशा का आरोप है कि शिवराज सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। 3 महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि एक तरफ भाजपा सरकार महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देने की बात करती है, दूसरी ओर जब एक पढ़ी-लिखी महिला राजनीति में आना चाहती है चुनाव लड़ना चाहती है तो उसे रोका जा रहा है। ऐसे में उन्हें इस न्याय का यात्रा पर निकलना पड़ा।

## मैहर में अराजकतत्वों ने तोड़ी हनुमान जी की प्रतिमा ! लोगों में आक्रोश, केस हुआ दर्ज

सतना। मध्य प्रदेश में हाल में ही बने मैहर जिले में उपद्रवी तत्वों का कारनामा देखने को मिला, जिसके बाद बजरंग दल के लोगों ने देर रात देहात पुलिस थाने का घेराव किया और मामला दर्ज कराया. बता दें कि जिले के जरियारी गांव में तालाब की मेढ़ पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित किया गया, जिसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर थाने का घेराव किया तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया.

**या है मामला**

पूरा मामला मैहर जिले के जरियारी गांव के पास का है. इस गांव में तालाब की मेढ़ पर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी. लेकिन कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा इस प्रतिमा को खंडित कर दिया गया. जिसके बाद स्थानीय लोग आक्रोश से भर गए और देहात थाने का घेराव किया. थाने के सामने भारी सं या में लोग उपस्थित रहे.

**पहुंचे विहिप के नेता**

घटना की सूचना लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता आक्रोश से भर गए और थाने पर पहुंचकर उपद्रवी को पकड़ने और कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की, तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया. नेताओं ने कहा कि इस काम से समाज में वैमनस्यता फैलेगी और समाज में असंतोष व्याप्त होगा.

## सवा सात लाख लेकर रेलवे में नौकरी दिलाने का झूठा नियुक्ति पत्र थमाया, पुलिस के हत्थे चढ़े दो ठग

सीहोर। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर सात लाख 20 हजार रुपये ठगने वाले दो बदमाशों को सीहोर पुलिस ने गिर तार किया है। इन्होंने फरियादी को रेलवे नियुक्ति पत्र की कूटरचना कर झूठा नियुक्ति पत्र देकर ठगी की थी।

सीहोर जिले की कोतवाली पुलिस के अनुसार 27 जून 2023 को फरियादी पंकज वर्मा निवासी निपानिया कला से आरोपी शुभम पिता दिनेश (28 ) निवासी मोहनपुर अमलाहा तथा श भूनाथ महाराष्ट्र द्वारा रेलवे में नोकरी दिलाने



के नाम पर धोखाधड़ी कर 7 लाख 20 हजार रुपये लिए गए थे। बाद में नकली नियुक्ति पत्र थमा दिया था। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस से शिकायत की गई। थाना कोतवाली में आरोपी शुभम व शंभूनाथ के विरुद्ध धारा 420,467,468,471,34 भादवि का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों की तलाश के लिए निरंतर प्रयास किए गए।

थाना कोतवाली की पुलिस टीम ने प्रकरण में तकनीकी सहयोग प्राप्त कर एक आरोपी को कोलापुर(महाराष्ट्र) से एवं एक आरोपी को आष्टा से तलाश कर गिर तार किया गया। उनके कब्जे से ठगी गई राशि में से दो लाख 40 हजार रुपये बरामद किए गए। शेष राशि आरोपियों ने खर्च कर दी। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए।

## 24 घंटे में 4 नए डेंगू मरीजों की पुष्टि, आंकड़ा 243 पर पहुंचा, पीड़ितों में 26 बच्चे भी शामिल

इन्दौर। इंदौर जिले में डेंगू से पीड़ित मरीजों की सं या लगातार बढ़ रही है। कल मिले 4 नए मरीजों के साथ अब तक यह आंकड़ा 243 पर पहुंच गया है, जो पिछले 5 वर्षों में सर्वाधिक है। पिछले 1 महीने से डेंगू पैर पसारे हुए है और लगातार नए-नए मरीज सामने आते जा रहे हैं। जिले में मिले डेंगू मरीजों में पुरुष अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी मरीजों में 191 पुरुष, 92 महिलाएं तथा 26 बच्चे भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की मानें तो बीते वर्ष 2022 में डेंगू के 240 मरीज मिले थे जबकि इस साल 8 अे टूबर तक यह आंकड़ा 243 पर पहुंच गया है।

**जांच के लिए लंबी लाइन**

बुखार के मरीज मिलने पर चिकित्सकों द्वारा भी डेंगू की संभावनाओं के चलते जांच की सलाह दी जा रही है। जिसके



चलते लेबोरेटरी सेंटर पर जांच करने वालों की कतार लगी हुई है। डेंगू बुखार मेंरक्त में प्लेटलेट्स की सं या तेजी से कम होती है जो जानलेवा साबित हो सकती है। दरअसल, बरसात के दौरान पानी जमा होने से पहले लार्वा के कारण शहर में डेंगू के मरीज भी बढ़ रहे हैं। हालांकि, एंटी लार्वा टीम द्वारा लगातार जानकारी जुटाई जा रही है।

**डेंगू के लक्षण-** डेंगू का प्रमुख लक्षण होता है तेज बुखार, जिसका तापमान 104 डिग्री फ़ैरेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ सकता है।

-कुछ मरीजों को पेट में दर्द और डायरिया भी हो सकता है।

-डेंगू इंफे शन से व्यक्ति काफी थक जाता है और अे सर असमर्थ होता है।

-डेंगू के मरीजों को अे सर जोड़ों में दर्द और सूजन हो सकती है, जिसे डेंगू के इसके लक्षण ÷डेंगू फ़ीवर÷ कहा जाता है।

-कुछ मरीजों को डेंगू के साथ खांसी और सर्दी भी हो सकती है।

-डेंगू बुखार के लक्षणों में एक विशेषता है कि इसके साथ व्यक्ति की त्वचा पर लाल दाने निकल सकते हैं।

**डेंगू से बचने के उपाए-** डेंगू वायरस मु य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए मच्छरों के काटने से बचें।

अपने घर के आस-पास की जगहों पर पानी जमा न होने दें।

मच्छर काटने से बचने के लिए मच्छर नेट्स का उपयोग करें।

स्थानीय जनसंचालन के निर्देशों का पालन करें।

स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मच्छर प्रबंधन और डेंगू नियंत्रण के उपायों का समर्थन करें।

अपने घर को साफ-सुथरा रखें।

# मध्य प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू, 2018 के बाद कितनी बदली सियासत, इस बार किसका दावा मजबूत?

मध्यप्रदेश में चुनावी बिगुल आज बज गया। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए चुनाव तारीखों का एलान कर दिया। यहां मतदान एक ही चरण में कराया जाएगा। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना सभी राज्यों के साथ दिसंबर को होगी। प्रदेश के 5.6 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर नई सरकार चुनेंगे।

ऐसे में राज्य की सियासी स्थिति के बारे में विस्तार से जानना जरूरी है। मध्यप्रदेश बीते पांच साल में दो सरकारें देख चुका है। 2018 में आए चुनाव नतीजों के बाद राज्य में 15 साल बाद कांग्रेस ने सरकार बनाई। कमलनाथ राज्य के मु यमंत्री बने। हालांकि, राज्य की कमलनाथ सरकार 15 महीने तक ही चल सकी। 15 महीने बाद एक बार फिर राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी हुई। आइए जानते हैं राज्य में बीते पांच साल में हुए सियासी उठापटक के बारे में...

**2018 में नतीजे या रहे थे?**

मध्यप्रदेश में पिछला विधानसभा चुनाव कई मायनों में बेहद रोमांचक रहा था। 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को बहुमत से दो कम 114 सीटें मिलीं थीं। वहीं, भाजपा 109 सीटों पर आ गई। हालांकि, यह भी दिलचस्प था कि भाजपा को 41त्न वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 40.9त्न वोट मिला था। बसपा को दो जबकि अन्य को पांच सीटें मिलीं। नतीजों के बाद कांग्रेस ने बसपा, सपा और अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई। इस तरह से राज्य में 15 साल बाद कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनी और कमलनाथ मु यमंत्री बने।

**चुनाव के दो साल बाद हुआ बड़ा सियासी ड्रामा**

दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक कांग्रेस ने सरकार चलाई। इस दौरान कई मौके आए जब पार्टी के नेताओं ने अपनी सरकार पर वादे पूरे करने के लिए दबाव बनाया। 15 महीने पूरे होते-होते कमलनाथ सरकार की सत्ता से विदाई की पटकथा तैयार हो चुकी थी। दो-तीन मार्च की रात अचानक मध्य प्रदेश के कई विधायक गुरुग्राम के एक होटल में जमा हुए। इन विधायकों में सपा विधायक राजेश शु ला (बबलू), बसपा के संजीव सिंह कुशवाह और रामबाई, कांग्रेस के ऐंदल सिंह कंसाना, रणवीर जाटव, कमलेश जाटव, रघुराज कंसाना, हरदीप सिंह, बिसाहूलाल सिंह और निर्दलीय सुरेंद्र सिंह शेरा शामिल थे। इसी होटल में भाजपा के नरोत्तम मिश्रा, रामपाल सिंह और अरविंद भदौरिया भी नजर आए।

**डैमेज कंट्रोल की कोशिशें हुई**

मामला बिगड़ता देख दिग्विजय सिंह उनके मंत्री बेटे जयवर्धन सिंह, जीतू पटवारी डैमेज कंट्रोल में जुट जाते हैं। पटवारी और जयवर्धन भी उसी होटल में पहुंच जाते हैं जहां, बागी

> **मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव कार्यक्रम**
>
> * नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 21 अ टूबर से प्रारंभ होगी।
> * नामांकन फार्म जमा करने की लास्ट डेट 30 अ टूबर 2023 है।
> * नामांकन फार्म की जांच 31 अ टूबर 2023 को होगी।
> * नाम वापस लेने की लास्ट डेट 2 नवंबर 2023 है।
> * मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख 17 नवंबर 2023 है।
> * मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की काउंटिंग की तारीख 3 दिसंबर 2023 है।

विधायक जमा हुए थे। करीब दो घंटे के ड्रामे के बाद दोनों रामबाई और तीन कांग्रेस विधायक ऐंदल सिंह कंसाना, रणवीर जाटव, कमलेश जाटव को लेकर लौटे। वहीं, रघुराज कंसाना, हरदीप सिंह डंग, बिसाहूलाल सिंह, राजेश शु ला, संजीव सिंह कुशवाह और सुरेंद्र सिंह बेंगलुरु पहुंच गए।

**दो ह ते चला ड्रामा, सिंधिया ने हाथ छोड़ थामा कमल**

पांच मार्च 2020 को मध्य प्रदेश के सियासी ड्रामे का केंद्र बंगलूरू हो गया। दो ह ते के भीतर यहां बागी विधायकों की सं या बढ़ते-बढ़ते 22 पहुंच गई। इस बीच 10 मार्च 2020 को कांग्रेस के दिग्गज नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली आए। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अगले दिन यानी 11 मार्च को सिंधिया ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

**सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंची लड़ाई**

राज्य में सियासी उठापटक यहीं नहीं रुकी आगे यह मामला देश की सर्वोच्च अदालत पहुंच गया। मध्य प्रदेश में लोर टेस्ट के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 19 मार्च को कोर्ट ने आदेश दिया कि मध्य प्रदेश विधान सभा में लोर टेस्ट 20 मार्च 2020 की शाम 5ः00 बजे तक किया जाना चाहिए।

**लोर टेस्ट से पहले कमलनाथ ने दिया इस्तीफा**

हालांकि, कांग्रेस ने यहीं से अपनी हार मान ली और 20 मार्च को दोपहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मु यमंत्री कमलनाथ ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। अगले दिन 21 मार्च को दिल्ली में जेपी नड्डा की उपस्थिति में विधायकी से इस्तीफा दे चुके सभी 22 बागी भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद 23 मार्च 2020 को शिवराज सिंह चौहान ने नए मु यमंत्री के रूप में शपथ ली।

**बागियों की सीट पर हुए उपचुनाव में या हुआ?**

सरकार गिरने के बाद भी कांग्रेस में इस्तीफे का दौर नहीं थमा। 23 जुलाई 2020 को पार्टी के अन्य तीन विधायकों ने कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया। इसके अलावा तीन सीटें (जौरा, आगर और ब्यावरा) अपने संबंधित मौजूदा विधायकों के निधन के कारण खाली हो गईं। तीन नवंबर 2020 को सभी 28 खाली सीटों को भरने के लिए उपचुनाव कराया गया। इस उपचुनाव में 28 में से भाजपा को 19 और कांग्रेस को नौ सीटें मिलीं। यहां दिलचस्प था कि कांग्रेस से बगावत करने वाले 25 विधायकों में से 18 नेता भाजपा की टिकट पर दोबारा चुनाव जीत गए जबकि सात को हार का सामना करना पड़ा।

**2022 में राष्ट्रपति चुनाव से पहले तीन और विधायकों ने थामा भाजपा का दामन**

पिछले साल जून में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में तीन विधायक भाजपा में शामिल हो गए। इनमें बसपा विधायक संजीव सिंह, सपा विधायक बबलू शु ला और निर्दलीय विधायक विक्रम राणा ने भाजपा की सदस्यता ले ली। इसे राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी की वोट वैल्यू बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा गया। हालांकि, संजीव सिंह और बबलू शु ला 2020 में हुई बगावत के वक्त भी भाजपा के साथ थे।

**राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति या है?**

वर्तमान में मध्यप्रदेश के सियासी समीकरण की बात करें तो 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 127, कांग्रेस के 96, निर्दलीय चार, दो बसपा और एक समाजवादी पार्टी के विधायक हैं।

**इस चुनाव में कौन से मुद्दे हावी होंगे, किसकी तैयारी कैसी है?**

2018 में मध्य प्रदेश के चुनाव नतीजे 11 दिसंबर को आए थे। इस चुनाव में भाजपा के सामने अपना किला बचाने की चुनौती होगी। वहीं, कांग्रेस 2020 में सत्ता से बेदखल होने का कसक दूर करना चाहेगी।

युवाओं की नारजागी दूर करने की कोशिशः राज्य में रोजगार जैसा मुद्दा भाजपा की परेशानी का सबब बन सकता है। यहां पिछले चुनाव के बाद लगभग तीन साल तक भर्तियां आरक्षण के मुद्दे पर अदालतों में रुकती रहीं। इसके कारण राज्य के में आए दिन बेरोजगार धरना-प्रदर्शन करते रहे। हालांकि, दोबारा भर्तियां शुरू करके सरकार युवाओं के गुस्से को शांत करने की कोशिश में है। मु यमंत्री शिवराज सिंह ने एलान किया था कि एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दे दी जाएंगी।

**आदिवासी और महिला मतदाताओ पर भाजपा की नजर** - दूसरी ओर आदिवासी और महिला वोटरों को अपनी ओर लाने की कोशिश भी भाजपा कर रही है। इसी कड़ी में जनजातीय गौरव दिवस के पर प्रदेश सरकार ने पेसा नियम अधिसूचित किए। यह ग्राम सभाओं को वन क्षेत्रों में सभी प्राकृतिक संसाधनों के संबंध में नियमों और विनियमों पर निर्णय लेने का अधिकार देगा। वहीं महिला वोटर को साधने के लिए पांच मार्च को शिवराज सिंह ने लाड़ली बहना योजना शुरुआत की। इस योजना में ढाई लाख से कम वार्षिक आय और पांच एकड़ से कम जमीन वाली महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिए जाएंगे। चुनावी जानकारों की मानें तो चुनावों में भाजपा को योजना का सीधा फायदा मिल सकता है।

**कांग्रेस की या है तैयारी?**

कांग्रेस का कमलनाथ के चेहरे पर आगामी चुनाव लड़ना लगभग तय है। पार्टी ने लाड़ली बहना योजना के असर को समझते हुए कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस महिलाओं को साल में 18 हजार रुपए देगी। इसके साथ ही कांग्रेस सत्ता में आने पर 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने का वादा कर रही है।

हारी सीटों को जीतने पर फोकसः चुनाव से पहले कांग्रेस पिछली बार हारी हुई सीटों पर भी विशेष मेहनत कर रही है। पिछली बार विंध्य क्षेत्र ने कांग्रेस की जीत में साथ नहीं दिया था। वो बीजेपी के साथ रहा था। इसलिए कांग्रेस अब यहां अपनी खोई हुई जमीन तलाश रही है। यहां संगठन को मजबूत बनाने की जि मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को सौंपी गई है, वो लगातार विंध्य का दौरा कर रहे हैं।

**या आप का असर भी दिखेगा?**

आप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक के मुताबिक, आप प्रदेश की सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अपना सीएम का चेहरा भी घोषित करेगी। एमपी में केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब की तरह मध्यप्रदेश में भी सरकार में आने पर फ्री बिजली देने का वादा किया है। राज्य की राजनीति को समझने वाले कहते हैं कि आप का सीधी-सिंगरौली में संगठन बेहतर है। इस इलाके में पार्टी अच्छा कर सकती है। बाकी, इलाकों में संगठन नहीं होने के चलते उसे मुश्किलें आ सकती हैं। चुनावों में आप किसका वोट काटेगी इसका असर भी नतीजों पर पड़ेगा

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने की तैयारियों की प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से दी जानकारी



सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग व्दारा विधानसभा निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार 21 अे टूबर 2023 शनिवार को राजपत्र गजट मे प्रकाशन किया जाएगा तथा उसी दिन से नाम निर्देशन पत्र भरे जा सकेगे। नाम निर्देशन पत्र 30 अे टूबर तक भरे जाऐंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 31 अे टूबर को होगी। नाम निर्देशन पत्र 2 नवंबर 2023 तक वापस लिए जा सकेगे। मतदान 17 नवंबर 2023 को होगा एवं मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी। 5 दिसंबर को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**जिले में 1406 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान 1074062 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने पत्रकार वार्ता लेकर बताया कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात 4 अे टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिले में जिले में कुल 1406 मतदान केंद्र एवं 1074062 मतदाता हैं। जिसमें पुरूष मतदाताओं की सं या 541001 तथा महिला मतदाताओं की सं यो 533043 तथा 18 अन्य मतदाता शामिल है। 114 बरघाट विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की सं या 243723 है जिसमें पुरूष मतदाता 121086 तथा महिला मतदाता 122634 तथा अन्य मतदाता 3 है, जेंडर रेशो 1013 है। इसी तरह 115 सिवनी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 274945 हैं, जिनमें पुरूष मतदाता 138251 तथा महिला मतदाता 136688 है एवं अन्य 6 हैं जेंडर रेशो 989, 116 केवलारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 260521 मतदाता हैं जिसमें पुरूष मतदाता 131671, महिला मतदाता 128847 एवं अन्य 3 जेंडर रेशो 979 तथा 117 लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 294873 हैं जिसमें पुरूष मतदाता 149993, महिला मतदाता 144874, अन्य 6 जेंडर रेशो 966 है। इसी तरह जिले में कुल सर्विस वोटर 899 है। बरघाट विधानसभा क्षेत्र में 186, सिवनी विधानसभा क्षेत्र में 433, केवलारी विधानसभा क्षेत्र में 160 तथा लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में 120 सर्विस वोटर हैं।

**मतदाता सूची में शामिल 10 हजार से अधिक 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटर**

**वहीं 49012 नवीन मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग**

उन्होंने बताया कि बरघाट विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी वोटर 1456, 80 वर्ष से अधिक के 2214 एवं युवा मतदाता 10116 हैं। इसी तरह सिवनी विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी वोटर 2208, 80 वर्ष से अधिक के 2788 एवं युवा मतदाता 12493, केवलारी विधानसभा क्षेत्र पीडब्ल्यूडी वोटर 2821, 80 वर्ष से अधिक के 2364 एवं युवा मतदाता 12540 तथा लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी वोटर 2891, 80 वर्ष से अधिक के 2852 एवं युवा मतदाता 13863 हैं। इस प्रकार जिले में कुल 9376 पीडब्ल्यूडी वोटर, 10218, 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटर तथा 49012 युवा वोटर हैं।

**संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त किए जाएंगे नामांकन**

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 21 अे टूबर 2023 शनिवार को राजपत्र गजट मे प्रकाशन किया जाएगा तथा उसी दिन से नाम निर्देशन पत्र भरे जा सकेगे। नाम निर्देशन पत्र 30 अे टूबर तक भरे जाऐंगे। विधानसभा क्षेत्र बरघाट के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बरघाट, विधानसभा क्षेत्र सिवनी के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सिवनी, विधानसभा क्षेत्र केवलारी के लिए न्यायालय तहसील कार्यालय केवलारी एवं विधानसभा क्षेत्र लखनादौन के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लखनादौन में नामांकन कार्य दिवसों में प्रातः 11 से 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।

**सतत रूप से रहेगी निगरानी**

विधानसभा निर्वाचन के निगरानी के लिए विधानसभावार व्हीएसटी, एफएसटी, एसएसटी तथा व्हीव्हीटी एवं लेखा टीम का गठन किया गया है। जिले में कुल 8 व्हीएसटी, 13 एफएसटी, 15 एसएसटी तथा 04 व्हीव्हीटी एवं 04 लेखा टीम गठित की गई है। इसी तरह निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए 24 × 7 कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका नंबर 07692- 225866 है। इसी तरह सीव्हीजिल सहित अन्य ऐप सक्रीय कर दिए गए हैं। तय समय सीमा में शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

## फटाखों की खुदरा बिक्री हेतु अस्थाई लायसेंस के लिए ऑनलाईन आवेदन 23 अ टूबर तक

सिवनी यशोः- दीपावली त्यौहार 12 नव बर 2023 में पटाखों की खुदरा बिक्री हेतु विस्फोटक नियम 1983 के नियम 154(4) के अनुसार फटाखों के अस्थाई लायसेंस अनुज्ञप्ति प्राप्ति हेतु ई-सर्विस पोर्टल **http://services.mp.gov.in** के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाईन प्रदान किए जाने की व्यवस्था पूर्व वर्षो से प्रारंभ की गई है। नवीन व्यवस्था के तहत आवेदनकर्ताओं को ऑनलाईन आवेदन पत्र में चाही गयी जानकारी के साथ नि न दस्तावेजों की स्कैण्ड प्रति भी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अे टूबर 2023 निर्धारित की गई है।

आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज- आवेदन के साथ आवेदक की पासपोर्ट साईज की 2 नवीनतम फोटो तथा वर्ष 2022 में लायसेंस प्राप्त किया हो तो मूल लायसेंस की प्रति, वर्ष 2022 में पटाखा विक्रेताओं द्वारा क्रय किए गए पटाखों के केश मेमो की छाया प्रति, लायसेंस फीस के रूप में 500/- रूपये लेखा शीर्ष- 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 060, अन्य सेवाएं 103 विस्फोटक अधिनियम अंतर्गत ऑनलाईन चालान जमा करना होगा। लाससेंस फीस की राशि केवल ई-सर्विस पोर्ट **http://services.mp.gov.in** में दिए गए विकल्प द्वारा ही जमा की जाएगी, अन्य माध्यम से नहीं। ऑनलाईन आवेदन करने वाले आवेदक समस्त दस्तावेजों की एक प्रति की हार्ड कॉपी 25 अे टूबर 23 तक कले टर कार्यालय की लायसेंस शाखा में जमा करना होगा। ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथपत्र भरकर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

अस्थायी फटाखा लायसेंस के लिए 18 वर्ष से ऊपर की आयु का व्यक्ति ही आवेदन करें, आवेदक न्यायालय द्वारा आपराधिक मामलों में दोष सिध्द न किया गया हो। आवेदक विकृत चित्त वाला न हो। आवेदक को परिशांति कायम रखने एवं सदाचार के लिए बंध पत्र निष्पादित करने के लिए आदेश न दिया गया हो। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में आवेदक को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी समस्या का निराकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति प्रबंधक, जिला ई-गवेर्नेंस सिवनी से संपर्क कर सतता है।

# नागपुर से शहडोल ट्रेन का नियमित संचालन प्रारंभ, आमजनों को मिली सौगात

सिवनी यशोः-सिवनी जिले के नागरिकों को एक और रेल सुविधा मिलनी शुरू हो गई है।रेलवे प्रशासन ने नागपुर से शहडोल के बीच ऐ सप्रेस ट्रेन चलाने की लोगों की बहूप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए नागपुर एवं शहडोल के मध्य 11201/ 11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू किया गया है। इस ट्रेन को शहडोल रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के रूप में प्रार भ किया जा चुका है।यह ट्रेन प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर संचालित होगी।इस ट्रेन के शुरू होने से सिवनी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए महानगर नागपुर के लिए तीव्र गति के साथ सुगमता से पहुंचने की सीधी सुविधा मिलेगी। साथ ही पूरे क्षेत्र में व्यापारिक तथा आर्थिक गतिविधियों के उन्नयन में इस ट्रेन की अहम भूमिका सिद्ध होगी। यात्रियों के परिवहन के साथ ही इस क्षेत्र के कई उत्पादों का भी परिवहन संभव




हो सकेगा। छात्रों को बेहतर उच्च शिक्षा के लिए नागपुर तक पहुंचना आसान होगा। नागपुर दक्षिण भारत में प्रवेश का प्रथम द्वार है। इस ट्रेन सेवा ने इस द्वार पर सीधे दस्तक दी है। अब इस क्षेत्र से दक्षिण भारत की यात्रा करना और आसान हो जाएगा।गाड़ी सं या 11201 नागपुर-शहडोल ऐ सप्रेस ट्रेन नागपुर से प्रतिदिन 08 बजे छूटेगी तथा रात 10 बजे शहडोल पहुंचेगी।यह गाड़ी 1 एसएलआरडी, 1 एसएलआर, 5 सामान्य, 7 स्लीपर, 3 एसी-3 तथा 1 एसी-2 सहित कुल 18 कोच के साथ चलेगी।छिंदवाड़ा-नैनपुर जें शन के बीच सिवनी रेलवे स्टेशन से सुबह और शाम के समय ही सभी ट्रेनों का आगमन व प्रस्थान हो रहा था।दोपहर के समय सिवनी से होकर किसी भी सवारी गाड़ी का संचालन नहीं होने के कारण यहां से रेल संघर्ष समिति व नागरिक दोपहर में भी सुविधा प्रदान किए जाने की मांग हो रही थी।अब नागपुर-शहडोल-नागपुर ट्रेन की शुरुआत होने से दोपहर में भी सिवनी वासियों को दोनों ओर के आवागमन की सुविधा मिलना प्रारंभ हो गई है। हालांकि यह ट्रेन जिले के एकमात्र सिवनी स्टेशन पर ही ठहरेगी,अन्य स्टेशन में इसका ठहराव नहीं है।

# फर्स्ट वोट फार कांग्रेस का कैंपेन प्रारंभ किया प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष ने

सिवनी यशोः- एन.एस.यु.आई.प्रदेश आशुतोष चौकसे ने शासकीय महाविद्यालय सिवनी में छात्र छात्राओं को पांपलेट बांट कर फर्स्ट वोट फॉर कांग्रेस कैंपेन की शुरुवात की

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह संध्या ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आज 7 अे टूबर 2023 को एन.एस.यु.आई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चोकसे का जबलपूर से सिवनी आते समय लखनादौन,छपारा और बंडोल के एनएसयूआई के साथियों ने जोरदार स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष जी ने उसके बाद फर्स्ट वोट फार कॉग्रेस की कै पेन;भविष्य की बात कमलनाथ के साथद्ध का शुभारंभ दोपहर 12 बजे पीजी कॉलेज में छात्र छात्राओं को कमलनाथ जी द्वारा जो 12 गारंटी मध्य प्रदेश की जनता को दी जा रही है उसके पर्चे बाट कर की गई। पीजी कालेज में प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चोकसे जी ने छात्रों से बात कर मध्य प्रदेश में युवाओं के साथ जो छलावा हो रहा है और कैसे




रोजगार लगातार खत्म हो हो रहे है उस पर चर्चा की।

इसके इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे सिवनी जिले के सभी एनएसयूआई साथियों के साथ वाहन रैली के माध्यम से सोमवारी चौक जनपद पंचायतए नगरपालिका चौक, नेहरू रोड़ए शुक्रवारी चौक, सिंधिया चौक बाहुबली चौक होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय में समापन किया गया। जिसमे एनएसयूआई के साथि जोश और ऊर्जा से भरे हुए थे।

वाहन रैली के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में 3 बजे प्रदेश एन.एस.यु.आई. प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चैकस पत्रकार वार्ता को स बोधित किया। जिसमे मु य रूप से शिक्षा रोजगार एवं भर्ती परीक्षा में लगातार हो रहे घोटाले को लेकर चर्चा की गई जिसमें नगर के सभी वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने.अपने सवाल प्रदेश अध्यक्ष जी से किया जिनके जवाब आशुतोष चौक से जी ने दिए और यह भी कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर शिक्षा में बहुत अच्छा काम किया जाएगा।

एन.एस.यु.आई. जिला अध्यक्ष इंजी धनंजय सिंह संध्या ने सिवनी एन.एस.यु.आई. के सभी पदाधिकारीए कार्यकर्ताओ एवं जिले के सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत शिक्षार्थी भाईयो को कार्यक्रम सफल होने की बोहोत बोहोत बधाई दी है। निश्चित तौर पर ये कहा जा सकता है की प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के प्रदेश की कमान संभालने के बाद एवं सिवनी जिले में धनंजय सिंह को नेतृत्व मिलने के बाद एनएसयूआई काफी ऊर्जा के साथ काम कर रही है।


## जिला ब्राह्मण समाज से टर इकाई के गठन हेतु समाज की बैठक

सिवनी यशोः- सिवनी विकासखंड अंतर्गत जिला ब्राह्मण समाज, हथनापुर - मुंगवानी से टर इकाई के गठन हेतु समाज की बैठक दिनांक 10 अे टूबर 2023, दिन मंगलवार को कात्यायनी मंदिर हस्तिनापुर प्रांगण में दोप 3:00 बजे से आयोजित की गई है।

से टर में मुंगवानी कला, मुंगवानी खुर्द, जैतपुर खुर्द, सिंगोड़ी, जॉम, पांजरा, बगदरी, प्याली, हथनापुर, मड़वा, पिपारिया, चंदौरी, मनोरी, मारवोड़ी, सपापार, चौड़ा, भाटीवाडा, खेरी, जैतपुर कला, खेड़ा, कमकासुर, तिघरा, ढेकी व लोनिया ग्राम स मिलित किए गए हैं। जिसमें मुंगवानी से टर के सभी विप्र बन्धुओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# कले ट्रेट परिसर में स्थापित किया जाए टुरिया के शहीदों का स्मारक

सिवनी यशोः-आज के दिन 9 अे टूबर 1930 को देश की आजादी के लिए जंगल सत्याग्रह कर रहे टुरिया ( कुरई ) क्षेत्र के चार आदिवासी देश भक्तों ने वीरगति पाई थी। उन चार आदिवासी शहीदों का स्मारक सिवनी के कले ट्रेट परिसर में स्थापित किया जाए । जिला प्रशासन से उक्ताशय की मांग करते हुए इतिहासकार रघुवीर अहरवाल ने बताया कि कले टर कार्यालय के सामने स्थापित जय स्त भ में केवल सिवनी विकास खण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों



के नाम अंकित किए गए हैं। जबकि जिला मु यालय होने के नाते इस जय स्त भ में सबसे ऊपर टुरिया में शहीद हुए चार आदिवासियों के नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होना चाहिए। ` योंकि पूरे सिवनी जिले से आजादी की लड़ाई लड़ते हुए श्रीमती देभो बाई, श्रीमती मुडडो बाई, श्रीमती रैनोबाई और बिरजू भोई ने कुर्बानी दी थी। उस समय अंग्रेज सरकार ने सरकारी जमीन से घास काटने पर टै स लगा दिया था। यह बहुत शर्मनाक काला कानून था, जिसका पूरे देश में देशभक्तों ने विरोध किया। विरोध स्वरूप जंगल सत्याग्रह के तहत सरकारी जमीन से घास काटने का आंदोलन किया गया। जब कुरई क्षेत्र के टुरिया नामक स्थान पर अनेक ग्रामवासियों ने घास काटना प्रारंभ किया तो अंग्रेज सरकार की पुलिस ने निहत्थे लोगों पर बर्बरता पूर्वक गोली चलाई। जिसमें चार आदिवासी शहीद हो गए।

इतिहासकार रघुवीर अहरवाल आगे बताया कि सिवनी जिले से करीब 280 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेकर अनेक तकलीफ और अपमान झेला। होना तो यह चाहिए था कि जिला मु यालय में उन सभी करीब 280 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम सस मान अंकित किया जाना चाहिए। श्री अहरवाल ने आगे बताया कि इस समय कले ट्रेट भवन का पुनर्निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही चार आदिवासी शहीदों सहित जिले के करीब 280 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम अंकित कर जय स्त भ का निर्माण भी किया जाए तो यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति जिला प्रशासन की शानदार श्रंद्धाजलि सिद्ध होगी। उन सभी स्वतंत्राता संग्राम सेनानियों की सन, निवास आदि सहित जानकारी श्री अहरवाल दे सकते हैं।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशोः-कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 02 अे टूबर से 08 अे टूबर तक वृत्त उत्तर में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 203716/- रू. अनुमानित मूल्य की 50.40 ब.ली.मदिरा एवं 1900 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 12 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 253320/- रू. मूल्य की 92.40 ब.ली. मदिरा एवं 2300 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 9 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 46884/- रूपये की 42.48 ब.ली. मदिरा एवं 345 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 5 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 12672/- रूपये की 22.58 ब.ली. मदिरा एवं 60 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 7920/- रूपये अनुमानित मूल्य की 33.00 ब.ली. मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

# दुर्गा उत्सव की तैयारियाँ प्रारंभ, आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से करने की दी समझाइश



सिवनी यशोः सिवनी जिले में दुर्गा उत्सव की तैयारियां चल रही है। । मूर्तिकार दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुये है वहीं देवी स्थनों में दुर्गा पूजा की तैयारियाँ तेज हो गयी है । नगर सहित पूरे जिले में दुर्गा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है । आकर्षक प्रमिमाओं की स्थापना के लिये जगह जगह पंडाल बनाये जा रहे हैं। दुर्गा पूजा के अवसर पर कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिये पुलिस विभाग भी सुरक्षा के प्रति गंभीर है और इस दौरान होने वाले आयोजनों के आयोजको का ` समझाईश दी जा रही है । इसी कड़ी में ड ू डा सिवनी पुलिस द्वारा पिछले दिनों रात्रि के समय उन स्थानों पर पहुंचे जहां दुर्गा उत्सव मनाया जाएगा। और मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल बनाए गए हैं। इन पंडालों में पहुंचकर पुलिस अमले ने समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों एवं लोगों से चर्चा की और कहा कि दुर्गा उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाये। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें की शांति व्यवस्था भंग न हो। योंकि कई बार देखने में आता है कि लोग नवरात्रि के समय गरब सहित कई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। जिनमें फिल्मी गानों की धुन में महिला- पुरुष, युवक- युवती नाचते नजर आते हैं। बीते वर्ष भी सिवनी में कुछ गरबा स्थलों पर फिल्मी गाने एवं बजाए जा रहे थे। जिसकी धुन में लोग नाच रहे थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। और आयोजको को समझाइए देते हुए कार्यक्रम को बंद कराया गया था। तथा हिदायत दी गई थी कि गरबा में धार्मिक गीत ही बजाए जाए। वहीं कई बार यह भी देखने में आता है कि कुछ सामाजिक तत्व तीज, त्योहार पर सक्रिय हो जाते हैं। और माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस ने अलग-अलग पंडालों में उपस्थित लोगों से कहा कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व की जानकारी मिलती है तो पुलिस को सूचित करें।

# सिवनी मे क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन,कई टीमें ले रही हिस्सा,शानदार गेंदबाजी से जीती जेस-11

सिवनी यशोः-सिवनी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



है। जिसमे कई जगहों की टीमें भाग ले रही है। एसवीपीएल सीजन-3 मे सिवनी ब्लास्टर व नाइट किंग के बीच पहला मैच खेला गया। सिवनी ब्लास्टर के कप्तान आसिफ लाल ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। नाइट किंग अच्छा खेल नहीं दिखा पाइ और 11.4 ओवरों के 67 रन बना सकी। मुकेश ने 21 व इरफान ने 16 रनों का योगदान दिया। विरोधी सिवनी ब्लास्टर के कप्तान आसिफ ने 2 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी ब्लास्टर के आरिफ अरी ने 16 व कप्तान आसिफ ने 34 रन जोड़कर टीम को जीत दिला दी। नाइट किंग के राजा ने 1, फिरोज ने 2, राकेश ने 1 और इरफान ने 3 विकेट झटके। मैन आफ दा मैच विजेता टीम के कप्तान आसिफ लाल को चुना गया।वहीं दूसरा मैच जीटी व जेस-11 के बीच खेला गया। जीटी के कप्तान संदीप मिश्रा ने टास जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। 11.1 ओवर में 10 विकेट खोकर टीम ने 100 रन बनाए। रोहित ने 20 रन, बाबू बिजली ने 26 रनों की पारी खेली। जेस के अरुण यादव ने 2 ओवर में मात्र 9 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। बसंत ने 2, ओम ने 1, कन्हैया ने 1, गन्नू ठाकुर ने 2, राजवीर ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेस-11 ने 10.3 ओवर में 6 विकेट खोकर 101 बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान बलधर ने 64 रनों की पारी खेली। जीटी के गेंदबाज जाहिद ने 2, सफी ने 1 विकेट, कप्तान संदीप मिश्रा ने 1 विकेट, बाबू बिजली ने 1 विकेट, शफीक ने 1 विकेट झटका। आयोजक समिति में अजय मिश्रा, इरफान पटेल, सुशील ठाकुर, आसिफ लाल, राजा खान, आनलाइन स्कोरिंग में अरुण यादव, विजय चौहान, वसीम खान, आफलाइन स्कोरिंग में विक्की करनाल, नीरू निर्मलकर, मैदान व्यवस्था में अरविंद राय, सुनील यादव, रवि कटरे, विनय शरणागत शामिल रहे। दूसरे मैच के मैन आफ दा मैच जेस-11 कप्तान बलधर को चुना गया।

## शहीद वनकर्मियों के आश्रितों को अनुग्रह राशि 25 लाख मिलेगी

मण्डला यशोः- राज्य शासन के आदेश अनुसार वन सुरक्षा के दौरान शहीद वनकर्मियों के आश्रितों को 25 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत करने के आदेश अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा 6 अे टूबर 2023 को जारी किये गये।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में शहीद वनकर्मियों के आश्रितों को 10 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 25 लाख रूपये कर दिया गया है।

## जनसुनवाई स्थगित

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम प्रसारित किया जा चुका है। इसी परिपेक्ष्य में आचार संहिता अवधि में जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित रहेगा।

# जिले में 17 नवंबर को मतदान, 3 दिसंबर को मतगणना

## विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत् आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील, जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

मंडला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को विधानसभा



निर्वाचन 2023 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर निर्वाचन कार्यक्रम और जिले में की गई चुनाव तैयारी की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सहायक कले टर रवि सिहाग तथा पत्रकारगण उपस्थित रहे।

**21 अ टूबर से प्रारंभ होंगे नामांकन**

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिडाना ने बताया कि 21 अे टूबर 2023 से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामाकंन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अे टूबर 2023 है। 31 अे टूबर 2023 को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। कले टर ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नव बर 2023 है। मतदान 17 नव बर को होगा तथा मतगणना के लिए 3 दिस बर 2023 नियत है। निर्वाचन कार्यक्रम 5 दिस बर 2023 को समाप्त होगा। जिले में निर्वाचन व्यय निगरानी हेतु दल गठित किया जा चुका है। आग्नेयास्त्र के दुरूपयोग रोकने हेतु आदेश प्रभावी कर दिये गए है। संहिता की धारा 144 लागू के आदेश प्रभावी कर दिये गए। कोलाहल नियंत्रण के आदेश प्रभावी एवं संपत्ति विरूपण के आदेश भी प्रभावी हो चुके है।

जिले में कुल 945 मतदान केन्द्र

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि जिले में मतदान केन्द्रों की कुल सं या 945 है। विधानसभा बिछिया में 304, निवास में 321 तथा मंडला में 320 मतदान केन्द्र नियत किए गए हैं।

**7 लाख 93 हजार 39 मतदाता**

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 4 अे टूबर 2023 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 793039 मतदाता हैं जिनमें 391471 पुरूष, 401553 महिला एवं 15 अन्य मतदाता स मिलित हैं। जिले का जेंडर रेशो 1026 तथा ईपी रेशो 63.76 है। विधानसभा बिछिया में कुल 259692 मतदाता हैं जिनमें 128066 पुरूष, 131621 महिला एवं 5 अन्य मतदाता स मिलित हैं। बिछिया का जेंडर रेशो 1028 तथा ईपी रेशो 62.89 है। विधानसभा निवास में कुल 265062 मतदाता हैं जिनमें 130553 पुरूष, 134502 महिला एवं 7 अन्य मतदाता स मिलित हैं। निवास का जेंडर रेशो 1030 तथा ईपी रेशो 63.80 है। विधानसभा मंडला में कुल 286285 मतदाता हैं जिनमें 132852 पुरूष, 135430 महिला एवं 3 अन्य मतदाता स मिलित हैं। मंडला का जेंडर रेशो 1019 तथा ईपी रेशो 64.59 है।

**10054 पीडब्ल्यूडी, 876 सर्विस वोटर**

जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में कुल 10054 दिव्यांग मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि बिछिया विधानसभा में 3184, निवास विधानसभा में 3592 तथा मंडला विधानसभा में कुल 3278 दिव्यांग मतदाता हैं। इसी प्रकार जिले में कुल 876 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 202, निवास में 410 तथा मंडला में 264 सर्विस वोटर हैं।

**80 वर्ष से अधिक आयु के 6696 मतदाता**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले की तीनों विधानसभाओं में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 6696 बुजुर्ग मतदाता हैं जिनमें 2331 पुरूष तथा 4365 महिला मतदाता स मिलित हैं। बिछिया विधानसभा में कुल 2344 बुजुर्ग मतदाताओं में से 765 पुरूष मतदाता एवं 1579 महिला मतदाता हैं। निवास विधानसभा के अंतर्गत कुल 2220 बुजुर्ग मतदाताओं में से 762 पुरूष मतदाता एवं 1458 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार मंडला विधानसभा के अंतर्गत कुल 2132 बुजुर्ग मतदाताओं में से 804 पुरूष मतदाता एवं 1328 महिला मतदाता हैं।

**18-19 आयु वर्ग के 37093 मतदाता**

जिले की तीनों विधानसभाओं में 18-19 आयु वर्ग के कुल 37093 मतदाता हैं जिनमें 19073 पुरूष, 18018 महिला तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। बिछिया विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 12187 मतदाताओं में से 6413 पुरूष मतदाता एवं 5774 महिला मतदाता हैं। निवास विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 12584 मतदाताओं में से 6417 पुरूष मतदाता एवं 6166 महिला एवं 1 अन्य मतदाता स मिलित हैं। इसी प्रकार मंडला विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 12322 मतदाता हैं जिनमें 6243 पुरूष, 6078 महिला तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं।

## विधानसभा निर्वाचन में डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर, वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950 और शिकायतों के निराकरण के लिए ड्यूटी लगाई गई

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर (वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950) और शिकायतों के निराकरण के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को नोडल अधिकारी और शालिनी तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मंडला को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने जारी आदेश में बताया कि नितेन्द्र तेकाम सहकारिता निरीक्षक मंडला सी-विजिल कंट्रोल रूम प्रभारी, डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर में सी-विजिल एप में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों/शिकायतों/समस्याओं के त्वरित निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। हितेन्द्र कुमार बिसेन सहायक खनिज अधिकारी मंडला 1950/एनजीआरएस/अन्य शिकायत कंट्रोल रूम प्रभारी, डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर में वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950 एनजीआरएस/कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 07642-2504112 एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों/शिकायतों/समस्याओं के त्वरित निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। रेशम वरकड़े सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस निर्वाचन कार्यालय द्वारा सौंपे गए कार्यों के साथ-साथ डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर/कंट्रोल रूम/सी-विजिल एप निर्धारित यूआरएल में प्रविष्टियों के इंद्राज आदि कार्यों में आपसी सहयोग व समन्वय स्थापित करेंगे। जिला स्तर पर स्थापित डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर/कंट्रोल रूम में सी-विजिल एप के सुचारू रूप से संचालन हेतु 8-8 घंटे की शि ट में ड्यूटी लगाई गई है। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र क्रं. 105 बिछिया में आशीष कछवाहा क प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत मंडला की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, आदित्य सिंधिया सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन कार्यालय मंडला की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा पुष्पेन्द्र पटेल क प्यूटर ऑपरेटर बीआरसी मंडला की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रं. 106 निवास में राहुल कछवाहा संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत मंडला की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, सावन बरमैया क प्यूटर ऑपरेटर नगरपालिका मंडला की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा मोह मद आरिफबहना क प्यूटर ऑपरेटर नगरपालिका मंडला की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रं. 107 मंडला के लिए एकता पांडे जनपद पंचायत मंडला संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, विरेन्द्र चौरसिया ऑपरेटर जनपद पंचायत मंडला की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा ओम यादव क प्यूटर ऑपरेटर नगरपालिका मंडला की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगाई गई है। जिला स्तर पर स्थापित डिस्ट्रि ट कॉन्ट्रे ट सेंटर/कंट्रोल रूम में वोटर हेल्पलाईन नंबर 1950/एनजीआरएस कंट्रोल रूम एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों/शिकायतों/समस्याओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु 12-12 घंटे की शि ट में ड्यूटी लगाई गई है। जिसके तहत आशीष पटेल क प्यूटर ऑपरेटर निर्वाचन कार्यालय मंडला एवं आशीष मिश्रा ऑपरेटर जनपद पंचायत मंडला की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक लगाई गई है। संदीप पटेल सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन कार्यालय मंडला एवं प्रताप सिंह धुर्वे क प्यूटर ऑपरेटर सीएमएचओ मंडला की ड्यूटी सायंकाल 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगाई गई है। प्रिया यादव तहसील कार्यालय मंडला क प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रगति पटेल क प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत मंडला की ड्यूटी रिजर्व में लगाई गई है। डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर में 8-8 घंटे की शि ट में भृत्यों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें भृत्य देवेन्द्रनाथ तेकाम लोक निर्माण विभाग की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, भृत्य संतर मसराम सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग मंडला की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक और भृत्य अजय कुमार यादव लोक निर्माण विभाग मंडला की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगाई गई है। डिस्ट्रि ट कॉन्टे ट सेंटर में प्राप्त होने वाले शिकायतों को पंजी करने, नोटिस जारी करने, प्रतिवेदन तैयार करने एवं नस्ती तैयार करने के लिए राजेन्द्र तिवारी और भोला सिंधिया प्रभारी सहायक अधीक्षक मंडला की ड्यूटी लगाई गई है।

## जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी में ड्यूटी लगाई गई

मण्डला यशोः- अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी मंडला ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु पेड न्यूज, इले ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक सोनल सिडाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी, अनादि वर्मा प्रभारी अधिकारी जनपसंपर्क विभाग, सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद बघेल साइबर सेल, रजनीश मिश्रा, दुर्गावती सालाम एवं एडमोन लाकरा प्रोफेसर रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला, संदीप मोदी लेखापाल जिला पंचायत मंडला, पंकज मिश्रा लेखापाल ई-गवर्नेंस जिला पंचायत मंडला, श्यामा धुर्वे सहायक ग्रेड-2 जनसंपर्क कार्यालय मंडला, कृष्ण कुमार ता बे भृत्य जनसंपर्क कार्यालय मंडला एवं धनेश्वर रजक भृत्य सर्वशिक्षा अभियान मंडला की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त आदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा दिनांक से प्रभावशील रहेगा।

## मु यमंत्री चौहान ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर किया नमन

मण्डला यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत रत्न लोकनायक श्रद्धेय जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मु यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दीं। जे.पी. अथवा 'लोक नायक' के नाम से प्रसिद्ध श्री जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राजनेता थे। भारत सरकार ने उन्हें सन 1998 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक स मान 'भारत रत्न' से नवाजा। सन 1965 में उन्हें समाज सेवा के लिए 'रैमन मैगसेसे' पुरस्कार से भी स मानित किया गया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का निधन ल बी बीमारी के बाद 8 अे टूबर 1979 को पटना में हुआ।

## फुटवॉल मैच में दिखा जबरदस्त उत्साह

### विदेशो से आए खिलाड़ी टूर्नामेंट में ले रहे हिस्सा

मंडला यशोः- ग्राम पंचायत मुगदरा एवं मां खेरमाई नवयुवक समिति मुगदरा के तत्वाधान में ग्राम मुगदरा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ठाकुर बलदेव सिंह की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता के छठवें दिन पहला मैच पुलिस लाइन मंडला एवं मां खेरमाई नवयुवक समिति मुगदरा के बीच खेला गया जिसमें पुलिस लाइन मंडला ने 3-2 से मुकाबला अपने नाम किया। रविवार का दूसरा मुकाबला जयपुर राजस्थान एवं नर्मदा स्पोर्ट्स` लब मंडला के बीच खेला गया। जयपुर राजस्थान की टीम से दो सदस्य जि बाब्वे देश के है जो यहां हो रहे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचे है।

जयपुर राजस्थान एवं नर्मदा स्पोर्ट्स` लब मंडला के शानदार मुकाबले में 2-1 से जयपुर राजस्थान की टीम ने जीत दर्ज की। मैच के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच कमला उइके, उप सरपंच जगदेव सिंह ठाकुर, मनमोहन ठाकुर, मिहीलाल ठाकुर, महेंद्रनाथ ठाकुर, संत शिरोमणी ठाकुर, राजेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, गणपत ठाकुर के साथ ही बड़ी सं या में खिलाड़ी एवं अन्य मौजूद रहे।

## नाराज माझी समाज ने मु यमंत्री पर लगाया वादा खिलाफी के आरोप .विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने की तैयारी

मंडला यशोः- माझी समाज द्वारा मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया गया है। माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक टीकाराम रायकवार एवं प्रांतीय अध्यक्ष केशव माझी का कहना है कि समाज के प्रतिनिधियों के साथ फगन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में 8 अप्रैल को मु यमंत्री आवास पर हुई बैठक में मु यमंत्री ने माझी समाज की मांगों पर सहमति जताते हुए आदेश जारी करने की बात कही थी। लेकिन करीब छः महिने बीत जाने के बाद भी आदेश जारी नहीं हुआ। जिससे आक्रोशित माझी समाज द्वारा 5 अे टूबर को भोपाल में महापंचायत बुलाई गई एवं 7 अे टूबर को समाज की प्रतिनिधियों की वर्चुअल बैठक बुलाई गई।

**दिग्गज भाजपा नेताओं के खिलाफहोगा प्रदर्शन**

माझी समाज द्वारा बुलाई गई बैठकों में निर्णय लिया गया कि माझी समुदाय प्रदेश में जिस विधानसभा क्षेत्र में अधिक सं या में निवासरत है उस विधान सभा क्षेत्र से समिति माझी समुदाय का उ मीदवार चुनाव के महाभारत में अभिमन्यु की तरह उतारेगी। साथ ही फगन सिंह कुलस्ते, नरेन्द्र सिंह तोमर एवं डॉ. वीरेन्द्र सिंह खटीक के विरूद्ध माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें माझी समुदाय से किये गये वायदे के अनुसार आदेश जारी करने मांग रखी जायेगी।

## वन विभाग को वर्दी भत्ता नवीन अनुदान स्वीकृत

मण्डला यशोः- राज्य शासन के आदेश अनुसार अपर सचिव, वन विभाग द्वारा वन विभाग के कार्यपालिक अमले को वर्दी भत्ता के लिये आंशिक संशोधन पर प्रारंभिक अनुदान एवं नवीनीकरण अनुदान स्वीकृत किया गया है, जिसमें वन क्षेत्रपाल, उप वन क्षेत्रपाल और वनपाल को प्रारंभिक अनुदान 5 हजार रूपये से 25 हजार रूपये (3 वर्ष के अंतराल में) स्वीकृत किया गया है। शेष शर्तें समसं यक आदेश दिनांक 7 नव बर 2012 एवं 7 दिस बर 2013 अनुसार रहेगी।

## पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती संपतिया उइके रानी दुर्गावती स मान से हुई विभूषित

* मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ताम्रपत्र भेंट कर किया स मानित
* पत्रकार वार्ता में पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती उइके ने रानी दुर्गावती स मान मिलने की दी जानकारी

मंडला यशोः- पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती संपतिया उइके को मध्य प्रदेश शासन के द्वारा रानी दुर्गावती स मान से विभूषित किया गया,इस विषय की विस्तृत जानकारी उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में देते हुए कहा कि यह स मान सिर्फ मेरा नहीं है बल्कि मंडला के सभी नागरिकों का है विशेष कर उनका जिन्होंने मुझे सामाजिक, सांस्कृतिक राजनीतिक , जनसेवा, लोक संस्कृति खेल गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करने में निरंतर अपूर्व सहयोग दिया साथ ही इस स मान के लिए मंडला जिले के मीडिया कर्मियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि मीडिया ने हमेशा हमारे कार्य की सकारात्मक इमेज क्रिएट करने में अपना योगदान दिया है। श्रीमती उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती स मान उन्हें सामाजिक क्षेत्र में सेवा के कार्य करने महिला स्वसहायता समूह को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने, जनजाति संस्कृति, बोली भाषा ,वेशभूषा तथा करमा नृत्य के सामूहिक आयोजन जिसमें मंडला में आयोजित कर्मा लोक नृत्य की प्रस्तुति को गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया था, महिला राष्ट्रीय वालीवाल खेल प्रतियोगिता सहित अन्य खेल के आयोजन सहित महिला स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन एवम जागरूकता महिला स्वसहायता समूह के लिए पोषण आहार केंद्र दलिया यूनिट की स्थापना जिसके माध्यम से 7 जिलों में पोषणआहार सप्लाई की जा रही है।प्रदेश की चयन समिति ने इन गतिविधियों को शामिल कर कार्यों का मूल्यांकन किया। उन्होंने बताया की प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश शासन की ओर से डिंडोरी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें रानी दुर्गावती स मान का ताम्रपत्र, स्मृति चिन्ह, एवं तीन लाख रुपए का चेक प्रदान किया,कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री फगन सिंह कुलस्ते, केबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह,पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ओम प्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी सधीर कसार ने बताया कि जनजाति कल्याण विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश में जनजाति समाज की पुरातन संस्कृति जनजाति कल्याण, महिला सशक्तिकरण शिक्षा और स्वास्थ्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले समाज सेवियों को प्रदेश के जनजाति समाज के महापुरुषों के नाम से स मान देने की योजना सरकार ने बनाई है जिसके तहत समय-समय पर प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू कछवाहा सहित जिले के प्रिंट मीडिया इले ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# मेरा प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता - मु यमंत्री चौहान

**प्रदेश में जनसेवा का यज्ञ चल रहा है**

**हमने गरीब-किसान को उनका हक दिया है**

**मु यमंत्री ने बुधनी के जहाजपुर में 10 करोड़ से अधिक के कार्यों का किया भूमि-पूजन**

**मु यमंत्री श्री चौहान ने श्रीमती जमुना बाई का किया स मान**

**जहाजपुर, बुधनी में किया जनसंवाद**

मण्डला यशोः-मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैंने सरकार नहीं परिवार चलाया है, भैया और मामा बनकर ही मु यमंत्री के रूप में कार्य किया है। मेरा प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता है। बहनों की जिंदगी बदलना, बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर इंतजाम, युवाओं को रोजगार के लिए कौशल सिखाने और बीमारी में इलाज की व्यवस्था एवं हरसंभव सहायता, वरिष्ठजनों की तीर्थ-यात्रा का इंतजाम, किसानों को जीरो प्रतिशत पर ब्याज दिलाना, उनके लिए समय पर खाद की व्यवस्था और हर गरीब के रहने के लिए जमीन के पट्टे की व्यवस्था करना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मैं चैन की नींद लेने मु यमंत्री नहीं बना था, मैंने कभी भी 24 घंटे में 4 घंटे से ज्यादा नींद नहीं ली, जनता की जिंदगी बदलना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मु यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के ग्राम जहाजपुर (बुधनी) में जन-संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने स्थानीय निवासी श्रीमती जमुना बाई को शाल, श्रीफल भेंट कर उनका स मान किया। उल्लेखनीय है कि मु यमंत्री श्री चौहान जब पहली बार विधायक के चुनाव के लिए जनस पर्क कर रहे थे, तब श्रीमती जमुना बाई ने उन्हें चुनाव लड़ने में अपने योगदान और सहयोग के रूप में 2 रूपए भेंट करते हुए, सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया था।

ग्रामीण विकास के लिए निर्माण कार्यों का किया भूमि-पूजन

मु यमंत्री श्री चौहान ने 10 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया। इसके अंतर्गत ग्राम बायां में 2 सामुदायिक भवन और 2 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से बनने वाली रिटेनिंग वॉल, मड्डा गांव में पंचायत भवन, मांगलिक भवन, ग्राम मरहानपुर में मांगलिक भवन और मछुआरा भवन तथा शिव मंदिर के समीप सामुदायिक भवन और जनोपयोगी सुविधाओं के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया गया। साथ ही ग्राम नीमखेड़ी में सामुदायिक भवन, ग्राम फुलाड़ा और मोगरा में आँगनवाड़ी भवन, ग्राम भड़कुल में पंचायत भवन, सलकनपुर में कोरकू समुदाय के लिए सामुदायिक भवन तथा जहाजपुर में मांगलिक भवन का भूमि-पूजन किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने क्षेत्र के विभिन्न गाँव में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, स्वच्छता संबंधित अधो-संरचना निर्माण सहित अन्य कार्यों का भूमि-पूजन भी किया।

**लाड़ली बहना योजना, बहनों का मान-स मान और आत्मविश्वास बढ़ाने की योजना है**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों को सशक्त करने के लिए ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएँ संचालित की गईं। लाड़ली बहना योजना भी बहनों का मान-स मान और आत्म-विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। बहनों को धन के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाने पड़ें ,वे आत्म-निर्भर हों, इस उद्देश्य से ही प्रतिमाह 1000 रूपए उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। जिसे बढ़ाकर 1250 रूपए किया गया है, क्रमबद्ध रूप से राशि बढ़ाते हुए बहनों को प्रतिमाह 3000 रूपए दिए जाएंगे।

**बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए दिए जा रहे हैं अनेक प्रोत्साहन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब और किसान के बच्चों को प्राइवेट स्कूल जैसी शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें राशि के साथ साइकिल, लेपटॉप, स्कूटी आदि देने की व्यवस्था भी की गई है। विद्यार्थियों द्वारा मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लेने पर उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरवाई जाएगी। हर गरीब का अपना घर हो यह सुनिश्चित करने के लिए मु यमंत्री भू-आवासीय योजना में पट्टे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। हमने गरीब किसान को उनका हक दिया है, प्रदेश में सेवा का यज्ञ चल रहा है। कार्यक्रम को सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मु यमंत्री चौहान ने सरपंचों के साथ किया पौध-रोपण

**अशोक नगर जिले के सरपंचों ने लगाए पौधे**

मण्डला यशोः- मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में अशोकनगर जिले के सरपंचों के साथ पीपल, बेलपत्र और जामुन के पौधे रोपे। मु यमंत्री श्री चौहान ने सरपंचों को अपने-अपने क्षेत्र में समर्पित भाव से विकास और जनकल्याण गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन बेहतर और सरल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धिता से प्रयास करने में ही सार्वजनिक जीवन की सार्थकता है। मु यमंत्री श्री चौहान के साथ अशोक नगर जिले के सरपंच सर्व रणीत सिंह यादव, ब्रजभान सिंह यादव, रूप कुमार शर्मा, अशोक यादव सहित अनेक सरपंच पौध-रोपण में शामिल हुए।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297